भारत सरकार
योजना मंत्रालय

राज्य सभा
तारांकित प्रश्न संख्या *252
दिनांक 24 जुलाई, 2014 को उत्तर देने के लिए

पंजीकृत और जारी किए गए आधार कार्ड

***252. श्री डी. राजा:**

क्या **योजना मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विभिन्न एजेंसियों द्वारा अब तक पंजीकृत और जारी किए गए आधार कार्डों की संख्या कितनी-कितनी है और इस परियोजना पर कुल कितनी धनराशि व्यय की गई है; और

(ख) आधार कार्ड जारी किए जाने के कार्य को चालू रखने और इसे पूरा करने के बारे में वर्तमान सरकार ने क्या निर्णय लिया है?

उत्तर

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) -- योजना मंत्रालय,
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
तथा रक्षा राज्य मंत्री
(राव इंद्रजीत सिंह)

(क) और (ख): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

'पंजीकृत और जारी किए गए आधार कार्ड' के संबंध में राज्य सभा तारांकित प्रश्न सं. *252 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क) भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) निवासियों के नामांकन के लिए बहु-पंजीयक मॉडल का अनुसरण कर रहा है। पंजीयकों में राज्य सरकार के विभाग तथा अन्य एजेंसियां यथा बैंक और वित्तीय संस्थान, शामिल हैं। 14 जुलाई, 2014 की स्थिति के अनुसार, विभिन्न एजेंसियों द्वारा कुल 73.71 करोड़ नामांकन किए गए हैं जिनमें से 8.45 करोड़ नामांकनों को विभिन्न कारणों से अस्वीकृत कर दिया गया है और यूआईडीएआई द्वारा 64.05 करोड़ 'आधार' सृजित किए गए हैं। इस परियोजना के प्रारंभ से 30 जून, 2014 की स्थिति के अनुसार इस पर हुआ कुल व्यय 4,620.61 करोड़ रू. है।

(ख) यूआईडी स्कीम, भारत सरकार की एक कार्यान्वयनाधीन केन्द्रीय क्षेत्रक स्कीम है जिसका निष्पादन योजना आयोग के एक सम्बद्ध कार्यालय यूआईडीएआई द्वारा किया जा रहा है जिसे देश के प्रत्येक निवासी को विशिष्ट पहचान संख्या (आधार) जारी करने का शासनादेश प्राप्त है।